MADHYA PRADESH STATE JUDICIAL ACADEMY,
HIGH COURT OF M.P., JABALPUR
मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी,
म.प्र. उच्च न्यायालय, जबलपुर
Beoharbagh, Jabalpur (M.P.) – 482 007
ब्योहारबाग, जबलपुर (म.प्र.) – 482 007
Ph. No. 0761-2626945 Telefax 0761-2628679 E-mail: mpjotri@gmail.com

//निविदा आमंत्रण सूचना//

No. 06 ./MPSJA/2020 Jabalpur, dated 06.01.2020

रजिस्ट्रार जनरल मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की ओर से मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी, म.प्र. उच्च न्यायालय, जबलपुर की लाईब्रेरी में उपयोग की जा रही लकड़ी की कुर्सियों में आवश्यक सुधार कार्य कराने हेतु निम्नलिखित विवरण के साथ निविदा आमंत्रित हैः–

(1) कुल 40 नग लकड़ी की कुर्सियों में आवश्यकतानुसार सुधार कार्य, कुशनिंग, कव्हर एवं पॉलिश का कार्य किया जाना है।

(2) लकड़ी की कुर्सियों के कव्हर का कपड़ा अकादमी के उप संचालक से अनुमोदित कराना होगा। निविदाकर्ता गुणवत्ता का सैम्पल अपनी निविदा के साथ प्रस्तुत करें।

(3) लकड़ी की कुर्सियों में लगाये जाने वाले कुशन, कव्हर एवं पॉलिश उच्च कोटि के होंगे।

(4) लकड़ी की कुर्सियों के कुशनिंग कार्य में लकड़ी की कुर्सियों की नीचे की सीट में 50 डेंसिटी एवं पीठ की सीट में 40 डेंसिटी के फोम का उपयोग किया जाएगा।

(5) उपरोक्त कार्य आदेश प्राप्त होने के 15 दिन में पूर्ण करना होगा।

(6) सभी लकड़ी की कुर्सियां अकादमी से वर्कशॉप तक ले जाने और वापस अकादमी पहुंचाने का दायित्व एवं व्यय निविदाकर्ता का होगा, इस हेतु कोई पृथक से भुगतान नहीं किया जायेगा।

अतः उपरोक्त शर्तों के अधीन संलग्न प्रारूप में विस्तृत निविदा सीलबंद लिफाफे में मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी की आवक शाखा पर दिनांक 13.01.2020 की दोपहर 03:00 बजे तक प्रस्तुत करें। लिफाफे के शीर्ष पर **"लकड़ी की कुर्सियों के सुधार कार्य की निविदा"** का उल्लेख करें एवं **"संचालक, मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी, म.प्र. उच्च न्यायालय, ब्योहारबाग, जबलपुर–482007"** के पते पर प्रस्तुत करें।

अधिक जानकारी एवं लकड़ी की कुर्सियों की स्थिति देखने के लिये उपरोक्त पते पर कार्यालय समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

नियम एवं शर्तें

1. फैक्स/ई–मेल/टेलेक्स से प्राप्त एवं अपूर्ण निविदायें स्वीकार नहीं की जावेंगी।
2. रजिस्ट्रार जनरल, म.प्र. उच्च न्यायालय, जबलपुर को किसी भी निविदा को बिना कोई कारण दर्शाये और बिना कोई सूचना दिये पूर्णतः अथवा भागतः स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा।
3. निविदा में उल्लेखित कोई भी शर्त जो इस सूचना आमंत्रण के विपरीत है, मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी पर बंधनकारी नहीं होगी।
4. कार्य का भुगतान कार्य पूर्ण होने एवं अकादमी द्वारा नामित अधिकारी के संतुष्टि प्रमाण–पत्र जारी करने के उपरांत, राशि उपलब्ध होने पर किया जावेगा।
5. कव्हर के कपड़े के सैम्पल के बिना प्राप्त निविदा विचार में नहीं ली जाएगी।
6. यह सूचना मात्र प्रस्ताव का आमंत्रण है। इससे कोई संविदात्मक संबंध स्थापित नहीं होते हैं।

निविदा का प्रारूप

क्र.	कार्य का विवरण	दर प्रति कुर्सी (समस्त व्यय एवं कर सहित)
1.	लकड़ी की कुर्सी में आवश्यक सुधार कार्य, कुशन बदलने, कव्हर बदलने एवं पॉलिश का कार्य	

मैं/हम निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित समस्त शर्तों एवं निर्बंधनों को स्वीकार करते हैं।

निविदाकर्ता/के हस्ताक्षर

नाम–

पता–

मोबाईल नं.

ई–मेल

15.1.2020

संचालक
मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी,
म.प्र. उच्च न्यायालय, जबलपुर